## खबर संक्षेप

### सालों से एक ही पंचायत में जमे दर्जनों सचिवों को किया इधर उधर

**उमरियापान।** एक ही पंचायत में सालों से जमे पंचायत सचिवों को जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने हटाते हुए दूसरी ग्राम पंचायत में भेजा है। ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की दर्जनों पंचायत सचिवों को जिला सीईओ ने इधर उधर किया है। इसमें कई सचिवों के विवादित होने के कारण पंचायत के कामकाज प्रभावित हुए।जिला सीईओ ने ढीमरखेड़ा जनपद की गौरा पंचायत के सचिव सालिगराम तिवारी को बहोरीबंद जनपद पंचायत की सलैया फाटक, पाली पंचायत सचिव विनोद बागरी को बंधी स्टेशन पंचायत भेजा है। देवरी मंगेला सचिव संदीप अग्रहरि को जिर्री और जिर्री पंचायत सचिव उत्तम पटेल को देवरी मंगेला,बरौदा पंचायत के सचिव रमेश झारिया को उमरियापान पंचायत,गूंडा सचिव सैय्यद अहमद अली को बरहटा पंचायत,घाना सचिव शंकर लाल साहू को बरही, परसेल पंचायत सचिव रामचन्द्र यादव को पाली,खमतरा सचिव दीनू राम साहू को खाम्हा पंचायत,खम्हरिया खमतरा सचिव हरभजन सिंह को आमाझाल पंचायत जबकि सिमरिया सचिव मनीषा महोबिया को खम्हरिया खमतरा पंचायत में भेजा है। इसी प्रकार रीठी जनपद के कैमोरी पंचायत सचिव उदय यादव को ढीमरखेड़ा की महनेर जबकि बड़वारा जनपद की लुहरवारा सचिव रीना सिंह को पोंड़ी कला बी पंचायत में पदस्थ किया है।

### मुख्यमंत्री करेंगे हितग्राहियों को हित लाभ वितरण

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन द्वारा आज 16 जून दिन सोमवार को संबल योजना के तहत सिंगल क्लिक के माध्यम से विभिन्न हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण करेंगे। संबल योजनांतर्गत सिंगल क्लिक के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम कार्यालय के मेयर इन काउंसिल सभागार में आयोजित किया जावेगा। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु आदेश जारी करते हुए संपूर्ण व्यवस्थाओं हेतु सनद विश्वकर्मा सहा सामुदायिक संगठक को प्रभारी बनाते हुए अन्य सभी अधिकारी कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे हैं। निगमायुक्त श्री दुबे ने सभी अधिकारियों को सौंपी गई सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

### सोमवार को होगी टास्क फोर्स की बैठक

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार 16 जून को टास्क फोर्स बैठक का आयोजन किया जायेगा। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में टीएल बैठक के पश्चात आयोजित होगी। बैठक में वन एवं वन्यप्राणी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं विभिन्न विषयों पर कार्यवाही के संबंध में चर्चा की जायेगी। बैठक में वनमंडल अधिकारी, जिलापंचायत सीईओ, सभी अनुविभागीय अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री जल निगम, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण सेवा यांत्रिकी, कार्यपालन यंत्री प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### मरीज की मौत पर लगाए लापरवाही के आरोप

**कटनी।** जिला अस्पताल में उपचार के लिए एक युवक की मौत के बाद परिजनों ने डाक्टर एवं नर्सों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। रीठी सलैया निवासी कमल वंशकार को इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया जहां समय पर उपचार नहीं करने के आरोप लगाए गए हैं। परिजनों ने बताया कि कमल वंशकार को शनिवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज की ज्यादा हालत खराब होने लगी तो परिजनों ने डाक्टर एवं नर्सों को जानकारी दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि स्टाफ ने कहा कि मरीज को जहां ले जाने ले जाओ। रविवार को दोपहर मे कमल वंशकार की मौत हो गईं।

### तेज बारिश से मूंग व उड़द की फसलों में नुकसान का किसानों को सता रहा डर

# मानसून का आगाजः गरज चमक के साथ हुई बारिश, उमस से राहत नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रविवार की शाम तेज गड़गड़ाहट, चमक के साथ बारिश की तेज बौछारें हुई। करीब आधे घंटे तक हुई बारिश से मौसम में थोड़ी देर के लिए ठंडक आ गई। हालांकि उमस से राहत नहीं मिली। रविवार को दोपहर तक मौसम साफ रहा इसके बाद अचानक से काले बादल घिर आए और गरज चमक के साथ बारिश होने लगी। इस बारिश को प्री मानसून के आगाज माना जा रहा है। मौसम विभाग की माने तो आगामी एक सप्ताह में मानसून सक्रिय हो जाएगा। बारिश होने से जहां आमजनों को थोड़ी देर के लिए राहत मिली वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिन किसानों ने उड़द एवं मूंग की फसल बोई है उनकी फसल अभी कटी नहीं है। ऐसे में उनको नुकसान की आशंका बनी हुई हैं। वहीं दूसरी ओर मौसम के सक्रिय होने से खरीफ फसलों की बोवनी की तैयारियां शुरू हो गई हैं

#### बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, मूंग उड़द की फसल में हुआ नुकसान

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में शनिवार की रात एवं रविवार की शाम को हुई बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि बारिश होने से मूंग उड़द की फसलों को नुकसान हो सकता है। मूंग और उड़द की फसल लगभग पक्का तैयार हो चुकी है बारिश होने से मूंग उड़द की फसल को अधिक नुकसान हो सकता है अगर क्षेत्र में तेज बारिश होती है तो किसानों की मेहनत पर पानी फिर सकता है। किसान अपनी फसल को बचाने के लिए रात दिन मेहनत करता है। बड़ी लागत लगाकर फसल तैयार करता है। फसल पर बारिश की मार होती है तो किसानों को बहुत अधिक मात्रा में नुकसान हो सकता है जिस कारण से किसान बहुत चिंतित है अभी भी आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और बारिश की आशंका जताई जा रही है इस बारिश से किसानो माथे में चिंता की लकीरें स्पष्ट दिख रही।



किसान रामखेलावन मिश्रा ने बताया कि कुछ किसानों की मूंग और उड़द की फसल पककर तैयार है और कुछ किसानों की फसल फुल पर है। अगर बारिश की मार फसलों पर पड़ती है तो भारी नुकसान हो सकता है क्योंकि गेहूं की पूरी फसल का पैसा उड़द और मूंग की फसल पर किसान लगा चुका है। भारी बारिश के कारण फसलों को नुकसान होता है तो आगामी धान की फसल के लिए किसान कर्ज लेकर फसल की तैयारी करना पड़ेगा। फसल पर नुकसान होने के कारण किसान कर्ज में डूब जाता है।



# हादसों को रोकने के लिए लगाए जाएंगे संकेतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नेशनल हाइवे पर सुर्खी मोड़ पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए शनिवार को एसडीएम प्रदीप मिश्रा, यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडेय सहित नेशनल हाइवे के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने बताया कि पिछले दिनों सुर्खी मोड़ के पास सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद सड़क हादसों को रोकने के लिए हादसा स्थल का निरीक्षण किया गया। ब्लैक स्पॉट चिन्हित किया गया। सड़क हादसे वाले स्थान पर रोड का चौड़ा किया जाएगा। ट्राफिक के संकेतक लगाने के साथ ही सिग्नल लगाए जाएंगे। साथ ही वहां पर लगे पेड़-पौधों को भी काटा जाएगा। जिस स्थान पर हादसा हुआ है वहां पर अंधे मोड़ होने की स्थिति है।

इसके अलावा मझगवा रोड पर भी सड़क को चौड़ी किया जाएगा। वहां पर पांच सौ मीटर सड़क चौड़ी होगी। वहां से अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा। इसके साथ ही सरसवाही मोड़ रोड पर भी सर्विस रोड बनाई जाएगी। वर्तमान में सरसवाही गांव की ओर से आने वाले लोग सीधे हाइवे में आ जाते हैं, जिसके कारण हादसे की आशंका बनी रहती है, लिहाजा वहां पर सर्विस रोड बनाई जाएगी। हाइवे में हादसों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, यातायात सिग्नल, रोड सेफ्टी सहित अन्य मानकों का ध्यान रखा जा रहा है। संयुक्त रूप से किए गए निरीक्षण के बाद हादसों को रोकने की चर्चा की गई। जल्द ही कार्य शुरू किय जाएगा।

### बिलहरी चौकी एवं बड़वारा थाना पुलिस ने की कार्यवाही

# महिला एवं युवक को चार किलो गांजा की तस्करी करते किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गांजा की तस्करी कर रही एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी एसआई केके पटैल ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु क्षेत्र का लगातार भ्रमण कराया जा रहा था। इसी दौरान सउनि. रामनाथ साकेत हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान ग्राम कांटी मोड़ के पास एक महिला जिसका नाम वैजंती बाई राठौर पति जयपाल सिंह राठौर उम्र 35 साल निवासी ग्राम कांटी थाना बड़वारा के कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी में कुल 1.964



किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 40,000/- रूपये जप्त किया जाकर उक्त महिला के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। गिरफ्तारशुदा आरोपिया वैजंती बाई राठौर पति जयपाल सिंह राठौर 35 साल निवासी ग्राम कांटी थाना बड़वारा को रविवार को न्यायालय कटनी में पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. के. के. पटेल, सउनि रामनाथ साकेत, प्र. आर. पवनराज, महिला आर. पूजा त्यागी, प्रआर. बृजलाल प्रजापति, गौरीशंकर राजपूत, शिवप्रकाश तिवारी की भूमिका रही।

इसी तरह कुठला थाना की बिलहरी चौकी पुलिस ने एक युवक के पास से दो किलो गांजा जब्त किया गया है। चौकी प्रभारी एसआई सुयश पांडेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में गत रात्रि पुलिस स्टाफ ने अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इलाके में गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया। जब पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की, तो उसने अपना नाम राज राजपूत बताया। उसके पास से एक नीले रंग का थैला जब्त किया गया, जिसमें 2 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी राज राजपूत के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

कार्यवाही में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र यादव, भारत विश्वकर्मा, व्यास गुप्ता, आरक्षक लव उपाध्याय, सौरभ जैन, विकास कुमार, संदीप भलावी की सराहनीय भूमिका रही।

### पथराड़ी पिपरिया में श्रमदान कर तलैया में की गई सफाई



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जीर्ण-शीर्ण पेयजल स्रोतों और जल संरचनाओं के रखरखाव हेतु व्यापक साफ-सफाई एवं स्वच्छता के कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत पथराडी. पिपरिया में रविवार को सरपंच आशा मंगीराम चौधरी की मौजूदगी एवं संस्कार युवा समिति तथाग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्रमदान के माध्यम से मंदिर वाली तलैया एवं करण सिंह के खेत तालाब की साफ-सफाई एवं रखरखाव का कार्य संपन्न किया गया। उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि जल प्रकृति द्वारा दिया गया अमूल्य रत्न है, जिसे हम बना तो नहीं सकते, परंतु सहेज और संरक्षित अवश्य कर सकते हैं।

# शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 17 जून तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कटनी में सत्र 2025-26 के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया का द्वितीय चरण प्रारंभ हो गया है। यह प्रवेश 10वीं कक्षा के अंकों के आधार पर किया जा रहा है। इच्छुक छात्र-छात्राएं कॉलेज में स्वयं उपस्थित होकर या एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम सेनिःशुल्क ऑनलाइन पंजीयनकर सकते हैं। कॉलेज मेंसिविल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखाओं में 60-60 सीटों पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया के तहत17 जून तक ऑनलाइन पंजीयनकरा सकते हैं।जबकि चॉइस फिलिंग 21 जून तकतथासंस्था में रिपोर्टिंग 26 जून से 30 जूनतक की जा सकती है। कॉलेज में विभिन्न छात्रवृत्तियों और प्लेसमेंट की सुविधा भी उपलब्ध है।

कॉलेज में सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए वार्षिक शुल्की 7हजार 870रूपये एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्यो पिछड़ा वर्ग एवं ट्यूशन फी वेवर के लिए वार्षिक शुल्के 370 रूपये है।साथ ही निःशुल्क पुस्तकें, डिजिटल लाइब्रेरी एवं आधुनिक प्रयोगशालाएँ एवं उच्च स्तरीय शिक्षण सुविधाएं उपलब्धा रहेगी।

इसके अलावा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं जैसेप्रगति छात्रवृत्ति,सक्षम छात्रवृत्ति, स्वनाथ छात्रवृत्ति योजना के तहत50हजार रूपयेजबकियशस्वी छात्रवृत्ति योजना के तहत 30हजार रूपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। एमपी टास योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्यछ पिछड़ा वर्ग को 11 हजार रूपये तथा सामान्य वर्ग के संबल कार्डधारी छात्रों को मुख्यबमंत्री जन कल्यातण शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 7हजार 500रूपये कीछात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। संस्था में विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों द्वारा कैंपस प्लेसमेंट की सुविधाउपलब्ध है।

### भवन निर्माण के बाद नये पाठ्यक्रम का का किया जाएगा प्रारंभ

# पॉलीटेक्निक कॉलेज में माइनिंग एवं माइनिंग सर्वेइंग पाठ्यक्रम शुरू होने का मार्ग प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खनिज सम्पदा संपन्न कटनी जिले में खनिज संबंधी व्यवसाय की अधिकता और माइनिंग कार्य में दक्ष और प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने शासकीय पालीटेक्निक कालेज में माइनिंग एवं माइनिंग सर्वेइंग पाठ्यक्रम प्रारंभ होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल के द्वारा मुख्यमंत्री और राज्य शासन स्तर पर किये गये प्रयास रंग लाए और अब राज्य शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के उपसचिव ने पत्र जारी कर शासकीय पोलीटेकनिक




महाविद्यालय कटनी में एक नवीन पाठ्यक्रम माइनिंग एवं माईन सर्वेईंग प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित होने की जानकारी दी है। विधायक जायसवाल ने बताया कि इस नवीन संकाय को शुरू करने अतिरिक्त निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत विस्तृत प्राक्कलन के आधार पर विल्टअप एरिया 2918.15 वर्गमीटर हेतु राशि 5करोड़ 43 लाख 51 हजार रुपए के व्यय की अनुशंसा समिति द्वारा की गई है।शासन द्वारा इसकी स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। विधायक श्री जायसवाल ने काफी अर्से से लंबित इस मांग की पूर्ति के सद्प्रयासों और कटनी जिले को इस महती सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री बीडी शर्मा के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में माइनिंग एवं माइनिंग सर्वेइंग पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव जिला कौशल समिति द्वारा पहले ही भेजा जा चुका था। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र बरखेडकर ने बताया कि भवन निर्माण के बाद नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि अभी वर्तमान में शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय में चार पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। जिनमें सिविल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस और मैकेनिकल इंजीनियरिंग का पाठ्यक्रम शामिल हैं।

### मानसून पूर्व सभी जरूरी तैयारियां पुख्ता रखने अधिकारियों को दिए निर्देश

# खाद बीज के लिए किसानों को न हो परेशानी, व्यवस्थाएं रखें दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आगामी मानसून सीजन के दौरान खेती- किसानी के कार्य हेतु खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उर्वरक एवं बीज विक्रय केन्द्रों का निरंतर निरीक्षण करें। साथ ही मानसून पूर्व खाद्यान्न, दवाईयों सहित सभी जरूरी प्रबंधों की तैयारियां चाक-चौबंद रखें।

कलेक्टर श्री यादव ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को हिदायत दी है कि सोसायटी, सरकारी एवं निजी दुकानों में खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता हेतु नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने उप संचालक किसान कल्याण और



कृषि विकास को ताकीद किया कि उर्वरक के नगद विक्रय केन्द्रों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाय। निजी और शासकीय सभी दुकानों के बाहर उर्वरक की दर सूची और स्टाक की उपलब्धता की मात्रा को भी सूचना पटल में प्रदर्शित किया जाये।

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आगामी मानसून की बोनी के मद्देनजर अभी से सक्रिय हो जाएं,ताकि खाद-बीज के लिए किसानों को असुविधा न हो। कलेक्टर ने सभी एस डी एम, तहसीलदार, सहकारिता और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे विक्रय केन्द्रों में प्रतिदिन खाद की उपलब्धता, उर्वरक विक्रय केन्द्रों की नियमित निगरानी और दुकान के बाहर सूचना पटल पर उपलब्ध खाद की मात्रा और दर सूची लगवाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद, बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद, बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220071 पर दे सकते हैं।

#### जर्जर पुल-पुलियों का करें सर्वे

कलेक्टर श्री यादव ने सभी निर्माण विभागों को जिले में जर्जर भवन और पुल-पुलियों की वर्तमान स्थिति की जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिये हैं। ताकि बारिश के समय पर एहतियातन वैकल्पिक इंतजाम किए जा सकें।

#### स्कूल बसों की जांच

कलेक्टर ने आरटीओ को जिले में संचालित समस्त स्कूल बसों के रजिस्ट्रेशन, परमिट एवं बीमा की नियमित जांच किये जाने के निर्देश देते हुए इनकी फिटनेस के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय और समय-समय पर राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने की हिदायत दी है।

# आरटीई प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण 16 जून से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 10 जून को पूरी हो चुकी है। प्रथम चरण के बाद जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह गई हैं, ऐसे स्कूलों को उनमें रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। आवेदकों द्वारा स्कूलों के च्वाइस को अपडेट किये जाने का कार्य 16 जून से 20 जून तक किया जा सकेगा। द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लाटरी 25 जून को होगी। आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमीशन रिपोर्टिंग 25 जून से 30 जून तक की जा सकेगी।

द्वितीय चरण के लिए नवीन आवेदन पंजीयन नहीं होगा और पुनः सत्यापन प्रक्रिया भी नहीं होगी। वह आवेदक जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था और सत्यापन के बाद पात्र पाए गए थे, उनका प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था। वह द्वितीय चरण के लिए स्कूल की च्वाइस अपडेट कर सकते हैं। जिन आवेदकों को प्रथम चरण में स्कूल आवंटन हुआ है, लेकिन स्कूल पसंद नहीं आने के कारण आवंटित स्कूल में एडमीशन नहीं लिया है, वह द्वितीय चरण में च्वाइस अपडेट कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित जिला शिक्षा केंद्र से प्राप्त की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**कटनी।** कुठला पुलिस ने लापता बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार दस्तयाबी उपरांत अपहत बालिका से पूछताछ की गई जिसके द्वारा बताया गया कि संतोष वंशकार द्वारा शारीरिक सम्बंध बनाने के फलस्वरूप गर्भवती हो जाने पर उज्जैन ले जाकर शादी करना तथा वहाँ से राजकोट ले जाकर पति पत्नी के तरह रहना बताई । अभियोक्त्री का शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी से मेडिकल परीक्षण कराया गया है एवं अभियोक्त्री के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 87,64(2)m, 64(2)i BNS, 3,4,5l, 5j, 6 POCSO Act का इजाफा किया गया है। अभियोक्त्री का धारा 183 BNSS के कथन न्यायालय में कराए गए। आरोपी संतोष वंशकार उर्फ कल्लू निवासी लमतरा द्वारा गलत काम करना बताई जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश की और आरोपी संतोष वंशकार 20 वर्ष निवासी लमतरा फाटक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया( न्यायालय आदेश से जिला जेल कटनी भेज दिया गया है। अपहता को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक मेघा मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक रवि शुक्ला, आरक्षक दुर्गेश सिंह, महिला आरक्षक पूजा द्विवेदी एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

### हाईवे पर बदमाशों ने रूपए एवं गहने लूटे

**कटनी।** हाईवे पर सक्रिय बदमाशों ने एक बार फिर लूट की वारदात को अंजाम दिया। प्रयागराज में अस्थि विसर्जन कर लौट रहा जबलपुर के कंटगी का परिवार को चाकू की नोंक पर लूटा। बदमाशों ने पहले पुरुषों से नकद रुपए लूट लिए फिर कार में मौजूद महिलाओं के गले से मंगलसूत्र भी छीन लिए। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। हालांकि अबतक वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों का सुराग नहीं मिला है। जबलपुर जिले के कंटगी के समीप स्थित घनौली ग्राम निवासी रामरतन गर्ग ने बताया कि उनकी माता का निधन हो गया है। अस्थि विसर्जन के लिए वे परिवार सहित चारपहिया वाहन से प्रयागराज गए थे। शुक्रवार रात करीब 12 बजे जब वे लौट रहे थे तो चाका से पीरबाबा के बीच द्वारा ग्राम के समीप निस्तार के लिए चारपहिया वाहन को रोककर जब वाहन से वे उतरे तो इसी दौरान तीन बदमाश आ गए और चाकू अड़ा दिया। कहने लगे कि जितने रुपए है सब दे दो, नहीं तो यहां मर्डर कर देंगे। हम घबरा गए और अपने पास रखे करीब 30 हजार रुपए बदमाशों को दे दिए। इसके।बाद भी बदमाश नहीं माने और कार में बैठी दो महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और कान के आभूषण छीन लिए। कुछ ही देर में बदमाश मौके से भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि हमने समीप स्थित ढाबे वाले की मदद ली और ढाबा संचालक ने ही पुलिस को घटना की जानकारी दी।

### सविता बाई बनीं जैविक खेती की मिसाल

**कटनी।** ज़िले के विकासखंड ढीमरखेड़ा के एक छोटे से गाँव अतरिया की किसान सविता बाई ने अपने संघर्ष, लगन और नवाचार से वो कर दिखाया है, जो कई बड़े किसान नहीं कर पाए। सीमित संसाधनों और मात्र 4.5 एकड़ ज़मीन में खेती कर अपने परिवार का जीवन यापन करने वाली सविता बाई ने अब आधुनिक और जैविक खेती को अपनाकर न केवल आर्थिक तरक्की की, बल्कि गांव में प्रेरणा की प्रतीक बन गई हैं। सविता बाई अपने खेत में गेहूं,चना और धान की भी खेती करतीं हैं। पर्यावरणविद एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह बताते हैं कि सविता बाई को न केवल उन्नत कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया है,बल्कि बीते साल उन्हें व्यावसायिक स्तर पर बैंगन, टमाटर और मिर्च की खेती शुरू करने हेतु पौधे और तकनीकी सहायता भी दिया गया।
सविता बाई ने केवल 0.25 एकड़ में उन्नत विधि से सब्जियों की खेती कर 25हजार 500 रुपए की आमदनी अर्जित की।जो गेहूं,धान,चना आदि की खेती से अर्जित आमदनी के अतिरिक्त है।इसके साथ ही उनके परिवार को शुद्ध, ताज़ी सब्जियाँ रोज़ाना घर पर ही उपलब्ध होने लगीं।

### जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न थानों का किया औचक निरीक्षण

# जिले भर में आधी रात सड़क पर उतरा पुलिस बल, फरार वारंटियों सहित बदमाशों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





अपराधियों पर शिकंजा कसने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से गत रात्रि पुलिस ने कांबिंग गस्त अभियान चलाया। पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा द्वारा एएसपी डॉक्टर संतोष डेहरिया सहित जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना/ चौकी प्रभारियों ने अपने बल सहित कांबिंग गस्त की। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना रीठी का औचक निरीक्षण किया गया। थाने में संधारित्र विभिन्न रजिस्टरों, F.I.R रजिस्टर, अपराध जरायम, सीसीटीएनएस, पुरुष-महिला बंदी गृह आदि का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया द्वारा थाना रंगनाथ थाने का, एसडीओपी स्लीमनाबाद द्वारा थाना बहोरीबंद, एसडीओपी विजयराघवगढ़ द्वारा थाना कैमोर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अपराधियों के विरुद्ध सघन चेकिंग करते हुए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

काम्बिग गस्त के दौरान न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के 49 वारंटी गिरफ्तार किए गए। अभियान में न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों के जारी कुल 22 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए। साथ ही पुलिस द्वारा अपराधियों के घर जाकर कुल 44 गुंडा चेक किए गए। पुलिस द्वारा अचानक दबिश देकर निगरानी बदमाशों के घर जाकर 58 निगरानी बदमाश चेक किए गए। जुआ अधिनियम के अंतर्गत 01 प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई।

अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कमिंग गस्त के दौरान कुल 20आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध किए।।कांबिंग गस्त के दौरान दो प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया। कटनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 34 संमंस व 14 जमानती वारंट गस्त के दौरान तामील किए गए। कटनी पुलिस ने रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान 37 वाहन चालकों पर चलानी कार्यवाही की व 14,100 समन शुल्क वसूला। शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस द्वारा 08 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्यवाही की गई। शराब पिए चालकों के वाहन जप्त किये गये जो प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 04 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 65 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। साथ ही परिशांति कायम रखने हेतु 14 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी।

जिले के सभी थाना प्रभारियों ने रात 12 बजे से अपने क्षेत्र में गश्त शुरू की। मध्य रात्रि में रेलवे स्टेशन बस स्टैंड सार्वजनिक स्थान होटल, ढाबा, एटीएम चेक किए और आकारण घूम रहे व्यक्तियों से शख्ती से पूछताछ की व वाहनों को चेक किया गया।

गश्त के दौरान पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर, गुण्डा बदमाशों की रात में चेकिंग की साथ ही उन्हें आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी।

### जलभराव की समस्या से निबटने चलाया जा रहा अभियान

**कटनी।** नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ वर्षा काल के दौरान जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु निगम प्रशासन द्वारा नगर के मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्रों सहित सार्वजनिक स्थलों की सफाई का कार्य दो पालियो में कराया जा रहा है। नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए विगत रात्रि बस स्टेंड क्षेत्र के विभिन्न स्थलों, स्टेशन रोड, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार, गोल बाजार में स्वच्छता दूतों के माध्यम से सफाई का कार्य किया जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया। जबकि प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से स्वच्छता दूतों द्वारा नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न प्रमुख मार्गो सहित रोड, डिवाइडर, तिराहों, चैराहों, मुक्तिधाम परिसर की सफाई की जाकर गार्बेज बैग में सूखे कचरे का उठाव कार्य किया गया। इस दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर व्यवस्था को दुरूस्त रखने हेतु आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए। वर्षा के दौरान सुगम पानी की निकासी हेतु शहर के कई बड़े एवं छोटे नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है।

*बकरियां चराने गया था प्रौढ़ तभी आकाशीय बिजली गरी*

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से प्रौढ़ की मौत, दो महिलाएं झुलसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया गांव में रविवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक प्रौढ़ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 55 वर्षीय रामजी सिंह रघुवंशी पुत्र सुंदर सिंह रघुवंशी, निवासी ग्राम इमलिया, थाना बड़वारा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रामजी सिंह अपनी बकरियां चराने के लिए पास के खेत में गए हुए थे, तभी अचानक आसमान से बिजली गिरी और वह उसकी चपेट में आ गए। बिजली का झटका इतना जोरदार था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में पास की एक झोपड़ी में खड़ी दो महिलाएं भी बिजली की चपेट में आ गईं। घायलों में 27 वर्षीय अर्चना पति राजू राम और 25 वर्षीय राधा पति सागर कशे शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद, स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों घायल महिलाओं को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इमलिया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हुई है और दो अन्य महिलाएं घायल हुई हैं, जिनका उपचार जारी है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की विवेचना की जा रही है।

### महापौर ने सड़क डामलीकरण कार्य का लिया जायजा



महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा क्षेत्रीय पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती सुमन राजू माखीजा के साथ बाबा माधवशाह अस्पताल एप्रोच मार्ग में कराये जा रहे डामरीकरण का जायजा किया गया। महापौर श्रीमती सूरी द्वारा निर्माण एजेंसी के ठेकेदार एवं उपयंत्री जायेन्द्र प्रताप सिंह बघेल को मार्ग की उपयोगिता एवं महत्व को समझते हुए शीघ्र ही गुणवतापूर्ण तरीके से कार्य को पूर्ण करनें निर्देश दिए। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बताया कि उपनगरीय क्षेत्र के बाबा माधवशाह हास्पिटल में रोजाना काफी संख्या में मरीजों का आना जाना होता है। हास्पिटल एप्रोच मार्ग दुरूस्त नहीं होनें से मरीजों को होने वाली परेशानी के निराकरण हेतु क्षेत्रीय जनों द्वारा मार्ग में डामरीकरण कराये जाने की मांग की गई थी। शीघ्र ही कार्य पूर्ण हो जानें से ईलाज हेतु हास्पिटल में आनें-जानें मरीजों सहित अस्पताल प्रबंधन को आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

# दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चोरी के 2 वाहन किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वाहन चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से चोरी के वाहन भी बरामद किये गए हैं। पुलिसिया पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि नशे की लत पूरी करने के लिए वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

### मुखबिर से मिली सूचना

कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने एवं लंबित चोरी के मामलों का शीघ्र खुलासा करने हेतु सख्त निर्देश जारी किए गए थे। इसी क्रम में पुलिस ने सक्रिय मुखबिर तंत्र की मदद से चोरी की स्कूटी बरामद कर दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

### यहां से चोरी हुए थे वाहन

गत 28 अप्रैल 2025 को राधाकृष्ण कॉम्पलेक्स, गर्ग चौराहा के पास से सुजुकी एक्सेस स्कूटी (MP21ZB 8964) चोरी हुई थी। इसी तरह 12 जून 2025 को गणेश चौक से सुजुकी बर्गमैन स्कूटी (MP21S 2541) चोरी की गई थी। इन घटनाओं के बाद वाहन चोरों की धरपकड़ के लिए विशेष निगरानी एवं गुप्त सूचना तंत्र को सक्रिय किया गया। गत 13 जून 2025 को सूचना प्राप्त हुई कि थाना एनकेजे क्षेत्र अंतर्गत बड़ी खिरहनी के दो युवक चोरी की स्कूटी लेकर घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम को रवाना किया गया। पुलिस ने विनय चौधरी के पास से सुजुकी एक्सेस (MP21ZB 8964) एवं अंकित चौधरी के पास से सुजुकी बर्गमैन (MP21S 2541) बरामद की गई। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि नशे की लत और पैसों की तंगी के कारण उन्होंने वाहन चोरी करने की योजना बनाई और इन दो घटनाओं को अंजाम दिया। चोरी के बाद वाहनों की नंबर प्लेट निकालकर उन्हें उपयोग में लाया जा रहा था तथा बेचने की फिराक में थे।

कार्यवाही में थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के प्र.आर. सूर्यकांत त्रिपाठी, सचिन राही, अनिल सेंगर, वीरेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, दीपक तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

*घुघरी के ग्रामीणों ने एसडीएम से बताई समस्या*

# साल भर से टूटे पड़े बिजली के खंभे, पेड़ों से बंधी तार, विभाग ने नहीं कराया सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान





घुघरी गांव में बिजली के क्षतिग्रस्त खम्भे और करंट दौड़ती बिजली की तार झूल रही है।जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते है।बिजली विभाग द्वारा लगातार खम्भों और बिजली तारों की अनदेखी की जा रही है। इस कारण बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।घुघरी गांव में साल भर से बिजली के खंभे टूटे पड़े है।बिजली के तार पेड़ों से लटक रहे हैं।कभी भी दुर्घटना हो सकती है,लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

स्थानीय ग्रामीणों में कपिल श्रीवास, मोहित मिश्रा, छोटे लोधी, रामसिंह ठाकुर, काशीराम लोधी, रामजी श्रीवास,चंद्रकिरण,बनाफर ने बताया कि बीते साल जुलाई 2024 में बारिश के दिनों क्षेत्र में बाढ़ आने के कारण बिजली के खम्भे टूट कर गिर गए थे।विभाग ने तत्काल खम्भों को हटाकर अस्थायी व्यवस्था के तौर पर बिजली के तारों को पेड़ों से बांध दिया है।

साल का समय बीत गया है, खंभे जमीन पर पड़े हैं। बिजली के तार अब भी पेड़ों से लटक रहे हैं। बारिश के दिनों में यह व्यवस्था स्थानीय लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार बिजली विभाग में शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गांव के ग्रामीणों ने असुरक्षा महसूस करते हुए ढीमरखेड़ा पहुँचकर एसडीएम को समस्या बताते हुए सुधार कराने की मांग किया है।ग्रामीणों ने बताया कि बारिश,आंधी, तूफान के कारण टूटे हुए खंभे या तारों से संपर्क में आने पर बिजली का खतरा होता है, जिससे जानलेवा दुर्घटना हो सकती है। तारों से चिंगारी निकलने या शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने का खतरा होता है। विद्युत आपूर्ति को बाधित कर सकती हैं, जिससे लोगों को परेशानी होती है।

### शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में ईकेवायसी के लिए चलाया जा रहा अभियान

# डोर टू डोर पहुंचकर की जा रही समग्र आई.डी का आधार से ई-के.वाय.सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम सीमान्तर्गत नागरिकों की समग्र पोर्टल में समग्र आई.डी का आधार नंबर से शत-प्रतिशत ई-के.वाय.सी. का कार्य पूर्ण कराने हेतु निगम प्रशासन द्वारा अभियान स्वरूप कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी जागेश्वर पाठक ने इस कार्य में संलग्न दलों को सभी वार्डो मे डोर-टू- डोर नागरिकों से संपर्क करते हुए अधिक से अधिक नागरिकों की समग्र से आधार लिंक कराने की कार्यवाही निर्धारित समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है।

राज्य शासन के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस अभियान के दौरान जिले के नागरिकों के लिए समग्र आई.डी. का आधार से ई-के.वाय.सी. का कार्य एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से भी कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

नोडल अधिकारी श्री जागेश्वर पाठक ने जानकारी देते हुए बताया है कि अभियान के अन्तर्गत निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा ई केवायसी कार्य हेतु विशेष दल का गठन किया गया है, गठित दल द्वारा प्रत्येक वार्डों में डोर टू डोर जाकर शेष नागरिकों एवं परिवार के सदस्यों की ई केवायसी का कार्य किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी श्री पाठक ने नगर के सभी नागरिकों से शासन द्वारा संचालित इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा है कि नागरिकों द्वारा ई केवायसी नहीं कराये जाने पर उनका नाम पोर्टल से पृथक हो सकता है। कारण विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाएँगे,जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### 10 लाख 76 हजार से अधिक नागरिकों की ई-केवाईसी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 10 लाख 76 हजार 440 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का 66.08 फीसदी है।

### बहोरीबंद अव्वल

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में जनपद पंचायत बहोरीबंद जिले में अव्वल है। जहां अब तक 1 लाख 82 हजार 222 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 39 हजार 362 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो सका है।

इसी प्रकार जनपद पंचायत कटनी में अब तक 1 लाख 30 हजार 941, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 63 हजार 64लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि नगर परिषद विजयराघवगढ़ मे 7 हजार 437 और जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 9 हजार 761 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। इसके अलावा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 53 हजार 818, नगर परिषद बरही में 11 हजार 763 एवं जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 65 हजार 959 ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य हो चुका है। नगर परिषद कैमोर ने 12 हजार 113 नागरिकों की समग्र को आधार से जोड़ने का कार्य किया है।

### सड़क हादसे में युवक की हुई मौत

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार कैलाश यादव पिता लखन यादव 33 निवासी इमिलिया थाना बदेरा जिला मैहर की रोड एक्सीडेन्ट होने से इलाज दौरान शासकीय अस्पताल कटनी में मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यों के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### पटना तमोली के अतुल कुमार चौरसिया ने नीट में हासिल की शानदार सफलता



**पन्ना**। ग्राम पटना तमोली जिला पन्ना के होनहार छात्र अतुल कुमार चौरसिया, पिता सिद्धार्थ चौरसिया ने नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 565 अंक अर्जित किए हैं। अतुल की इस सफलता से गांव में हर्ष और गौरव का वातावरण है। अतुल के पिता सिद्धार्थ चौरसिया स्वयं एक शिक्षक हैं और उन्होंने हमेशा शिक्षा के महत्व को अपने परिवार में प्राथमिकता दी। अतुल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम पटना तमोली से, तथा कक्षा 6वीं से 10वीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय, रामखिरिया (पन्ना) से की। कोविड महामारी के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों के कारण उन्होंने 11वीं और 12वीं की पढ़ाई डॉ. के एन मेमोरियल स्कूल, छतरपुर से की। इसके बाद उन्होंने कोटा (राजस्थान) जाकर नीट की तैयारी की, जहां निरंतर परिश्रम और समर्पण से उन्होंने यह उपलब्धि प्राप्त की। अतुल का सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों का निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन रहा। गांव के युवाओं के लिए यह सफलता एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरी है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, एवं ग्रामीणों ने अतुल को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### प्रथम चरण की काउंसलिंग की प्रवेश तिथि बढ़ी

**पन्ना**। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, भोपाल द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रथम चरण की काउंसलिंग प्रवेश तिथि बढ़ाई गई है। अब आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता एवं आवंटित संस्था में उपस्थिति 16 जून को सायं 5 बजे तक दी जा सकती है। डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश लेने के इच्छुक सभी विद्यार्थी अपने अलाटमेंट लेटर के साथ शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना या शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई, जहां भी आवंटन प्राप्त हुआ हो, में उपस्थिति सुनिश्चित करा सकते हैं। प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में वर्तमान में मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा सिविल इंजीनियरिंग एवं शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में संचालित सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश की कार्यवाही जारी है। रविवार, 15 जून को भी दोनों संस्थाओं में विद्यार्थियों को प्रवेश के संबंध में आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

### बीएलओ सुपरवाईजर राजाभैया अहिरवार को नोटिस जारी

**पन्ना**। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 पन्ना संजय कुमार नागवंशी ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर अजयगढ़ तहसील अंतर्गत उच्च माध्यमिक शिक्षक सह प्रभारी प्राचार्य शासकीय उ.मा. विद्यालय हरदी तथा सर्किल 13 हरदी के बीएलओ सुपरवाईजर राजाभैया अहिरवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस के माध्यम से बीएलओ सुपरवाईजर को पदीय दायित्वों के प्रति स्वेच्छाचारिता, उदासीनता और घोर लापरवाही बरतने तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत कदाचरण कृत्य के बारे में चेतावनी दी गई है। साथ ही संबंधित को निर्वाचन कार्य संपादन के लिए तत्काल व्हाट्स एप ग्रुप ज्वाइन कर आयोग के निर्देशानुसार कार्य प्रारंभ करने और दो दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। एसडीएम ने बताया कि बीएलओ सुपरवाईजर को 11 मतदान केन्द्रों के लिए नियुक्त कर पालन प्रतिवेदन तीन दिवस में प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया था, लेकिन राजाभैया अहिरवार द्वारा समय सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया।

जन समुदाय का श्रमदान व्यर्थ नहीं जाएगा इस बावड़ी को संरक्षित करने का कार्य करेंगे- कलेक्टर

# 300 वर्ष की प्राचीन बावड़ी को पुनर्जीवित करने दूसरे दिन भी ग्राम के लोगों ने किया श्रमदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत नवांकुर संस्था छात्र सर्व कल्याण समिति एवं ग्राम पंचायत पिपरिया तुरकाई द्वारा पथरिया जनपद अंतर्गत ग्राम मड़िया में स्थित लगभग 300 वर्ष पुरानी अति प्राचीन बावड़ी को पुनर्जीवित करने दो दिवसीय श्रमदान कार्यक्रम संपन्न हुआ। आज दूसरे दिन कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम निकेत चौरसिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जनपद सीईओ श्री कटारे, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, कृष्णा पटेल सहित ग्रामीण जनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर बावड़ी को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु श्रमदान किया। परिषद से जुड़ी स्वयंसेवी संस्थाओ के प्रतिनिधियों द्वारा भी सहभागिता की गई। इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने श्रमदान में सहभागिता करते हुए कहा कि जन समुदाय का श्रमदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इस बावड़ी को अब हम संरक्षित करने का कार्य करेंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान की यही मंशा कि अपनी प्राचीन जल संरचनाओं को संरक्षित किया जाए। बावड़ी के संरक्षण और अन्य विषयों के संदर्भ में अधिकारियों को निर्देशित किया है शीघ्र ही बावड़ी अपने सुंदर रूप में देखने मिलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से संपूर्ण जिले में जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है सभी ग्रामीण जनों ने और सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर दो दिन तक इस प्राचीन बावड़ी में श्रमदान किया है। अब शासन-प्रशासन के सहयोग से इसे संरक्षित किया जाएगा। ग्रामीण रामप्रसाद पटेल ने कहा जब पहले दिन श्रमदान की रूपरेखा बनाने बैठक हुई थी तो हम सभी लोगों ने कहा था कि यह कार्य केवल औपचारिकता ना रहे परंतु आज विश्वास हो गया कि जन सहयोग से भी इस प्रकार के बड़े काम किए जा सकते हैं। उन्होंने कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा वह हमारे छोटे से गांव में आए और हमारे पूर्वजों की ऐतिहासिक धरोहर इस बावड़ी के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया। यह हमारे गांव के लिए बड़ी बात है। श्रमदान कार्यक्रम में परिषद से जुड़ी संस्था धरातल जन कल्याण विकास समिति पथरिया , नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसा कला, बांसातारखेडा नेहरू युवक मंडल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवरान, सारखड़ी, बरधारी, तुरकाई, लुहर्रा की सहभागिता रही। इस दौरान सुशील गुप्ता, जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव, कपिल पटेल पिपरिया, कृष्णा पटेल, दिलीप कुमार पटेल, घनश्याम पटेल, रामप्रसाद पटैल, जगदीश पटैल, बलराम पटैल, राजेन्द्र पटैल, महेंद्र पटैल, सुरेश पटैल, अभिषेक पटैल, सुनील पटैल, कपिल पटैल, दुर्गेश पटेल, सत्यम पटैल, कार्तिक पटैल, कृष्णा पटेल, हेमराज पटेल, आकाश पटैल, बृजेंद्र पटेल, यशवंत पटेल, चंद्रपाल सिंह परिहार, अमित पटेल, आशीष पटेल, सौरव पटेल, अनिरुद्ध पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

## 24 मंडलों में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक एंव अन्य संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा मंडल स्तर पर 'विकसित भारत संकल्प कार्यशालाओं के माध्यम से मोदी सरकार के सेवा, समर्पण और सुशासन को समर्पित 11 वर्षीय जनकल्याण के कार्यों को बूथ और पंचायत स्तर तक ले जाने का कार्य प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के पूर्व सभी मंडलों में एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम के जिला प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष संजय सेन बताया कि इसी के अन्तर्गत तेंदूखेड़ा मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, वनवार मंडल में वक्ता के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह, अभाना मंडल में संकल्प अभियान के सहप्रभारी देवकीनंदन पटेल, बांदकपुर मंडल में जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, बांसा तारखेड़ा मंडल में जिला कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय, पथरिया नगर मंडल में जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री, पथरिया ग्रामीण मंडल में जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, नरसिंहगढ़ मंडल में महेश पटेल, सदगुंवा मंडल में जिला मीडिया सह प्रभारी महेंद्र जैन, बटियागढ़ मंडल में जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज, फतेहपुर (अजबधाम) मंडल में जिला मंत्री संजय यादव, जबेरा मंडल में जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, नोहटा और सिंग्रामपुर मंडल में जिला उपाध्यक्ष रूपेश सेन, तारादेही मंडल में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, तेजगढ़ मंडल में जिला मंत्री डॉ उत्तम पटेल, हटा नगर एवं ग्रामीण मंडल में जिला मंत्री गोपाल पटेल, मड़ियादौं मंडल में जिला उपाध्यक्ष चंद्रभान पटेल, कुम्हारी मंडल में जिला उपाध्यक्ष अरूण तिवारी, पटेरा एवं हिंडोरिया मंडल मनीष सोनी वक्ताओं के रूप में उपस्थित रहें।

विकसित भारत संकल्प सभा में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने बीते 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मार्ग पर ऐतिहासिक प्रगति की है। उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में भारत ने हर चुनौती का सामना करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का साहस दिखाया है। हमारे जवानों की वीरता से सीमाएँ सुरक्षित हैं और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक उभरती हुई वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के मंत्र ने देश के हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह ने कहा आज देश का हर वर्ग और हर क्षेत्र एक साझा संकल्प के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

हम सभी का यह साझा संकल्प है कि हम एक नए आत्मनिर्भर, सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएँगे। यही प्रधानमंत्री मोदी का सपना है और यही 140 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य बन

चुका है। आज हम यहां एक संकल्प, एक शपथ लेने के लिए एकत्रित हुए हैं, आइए इन उपलब्धियों को केवल अपने दिमाग में ही नहीं बल्कि अपने दिलों में भी सजाएं।

## ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दमोह के वैदिका मलैया ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**दमोह**। रीवा में आयोजित प्रथम ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दमोह के कोच नीरज दुबे और निधि दुबे के कुशल मार्गदर्शन में दमोह की खिलाड़ी वेदिका मलैया वीरा पिता अंकित मलैया माता चंचल मलैया एवं संपूर्ण टीम गुंजन, ऋतिक, जया, गुड़िया,सहित कुल 10 खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम दमोह के सभी खिलाड़ियों द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालीं टीम को बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से सकल हिन्दू समाज के संरक्षक पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक, जिला अध्यक्ष कपिल सोनी, नगर अध्यक्ष राममनोहर घारू, राजीव राय साव जी,युवा जिलाध्यक्ष मोंटी रैकवार, नगर अध्यक्ष राजू नामदेव,अमरदीप जैन लालू, दिलीप चौरसिया, मनोज देवलिया, विनोद राठौर, प्रमोद विश्वकर्मा, देवेश खत्री सहित प्रमुख जनों बधाई दी है।




## कोतवाली क्षेत्र में परिजन से साथ छूट जाने से रास्ता भटका 7 वर्षीय बालक, डायल-112/100 जवानों ने माँ से मिलाया

**पन्ना**। पन्ना के थाना कोतवाली क्षेत्र में बड़े बाजार में एक 07 वर्षीय बालक मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 14-06-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक खेरन सिंह एवं पायलेट अमर यादव ने मौके पर पहुँचकर बालक को संरक्षण में लिया। बालक कोई जानकारी नहीं दे पा रहा था। डायल-112/100 जवानों ने बालक को एफ़ आर व्ही वाहन से साथ लेकर आसपास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर बालक के परिजन की जानकारी मिली। डायल-112/100 जवान बालक को लेकर पहुँचे। जहाँ बालक द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत बालक सत्यम पिता सुखमन वंशकार निवासी ख़मरगौर जिला दमोह को परिजन के सुपुर्द किया।

### रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**पन्ना**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन सुरेश कुमार ने नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए तत्काल प्रभाव से तहसीलदार ज्योति राजपूत को रिटर्निंग अधिकारी एवं नायब तहसीलदार कोमल सिंह चढ़ार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। संबंधित अधिकारी म.प्र. नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 में निहित प्रावधानों के तहत निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। उल्लेखनीय है कि गत दिवस राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों में पार्षद पद की रिक्त सीटों पर उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसके साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता भी निर्वाचन परिणाम की घोषणा होने तक प्रभावशील हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सोमवार, 16 जून से अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे।

### प्रस्तावित फोरलेन एवं एलीवेटेड रोड निर्माण के संबंध में हुई चर्चा

**पन्ना**। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 बमीठा-पन्ना-सतना के प्रस्तावित फोरलेन कार्य की रूपरेखा एवं कार्ययोजना तय करने तथा एलीवेटेड सड़क निर्माण के संबंध में गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कंसलटेंट के साथ बैठक कर आवश्यक चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित कलेक्टर सुरेश कुमार एवं क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व अंजना सुचिता तिर्की भी उपस्थित रहीं। बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों सहित पन्ना बायपास में अलाइनमेंट जोड़कर एलीवेटेड सेक्शन का प्रस्ताव तैयार करने, पन्ना शहर में प्रस्तावित रिंग रोड से एनएच-39 के एलीवेटेड सेक्शन को जोड़ने सहित आवश्यक सुझावों पर विचार विमर्श भी किया गया। इस अवसर पर पन्ना विधायक के निर्देशन में पन्ना बायपास के विकल्प में संशोधन तथा आगामी दिवसों में सांसद की अध्यक्षता में पुनः बैठक कर संशोधित एवं उपयुक्त अलाइनमेंट विकल्प की स्वीकृति प्राप्त करने संबंधी निर्णय लिया गया।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के संभाग इकाई सागर के निर्वाचन संपन्न हुए...

# प्रमेंद्र जैन दमोह संभागीय अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रांतीय निर्देशानुसार मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के त्रिवर्षीय संभागीय इकाई के निर्वाचन हेतु सागर संभाग इकाई के निर्वाचन श्री भाग्योदय तीर्थ स्थित फार्मेसी कालेज सागर में दिनांक 15 जून 2025 को निर्वाचन हुए। इसमें निर्वाचन अधिकारी श्री विकास सिंह चौहान ( संभागीय अध्यक्ष भोपाल) एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक विनोद मालवीय नर्मदापुरम के निर्देशन में एवं संभाग प्रभारी महेंद्र कुमार जैन प्रांतीय उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

संभागीय संयोजक चंद्रभान सिंह राजपूत, सह संयोजक पारस कुमार जैन ने सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ ओर निवाड़ी के जिलाध्यक्ष ओर जिला इकाई पदाधिकारियों से इस निर्वाचन में भाग लेने ओर अभ्यर्थी आवेदन फार्म भरने की अपील की। मां सरस्वती जी की आराधना के बाद संभागीय संगठन मंत्री अजब सिंह ठाकुर (पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी) के कुशल नेतृत्व में सभी जिलाध्यक्षों की एक बैठक आयोजित कर चर्चा हुई जिसमें सर्वसम्मति से महत्वपूर्व निर्णय लिए गए। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ राष्ट्रीय विचार धारा का संगठन होने, राष्ट्र हित, शिक्षा हित, छात्र हित ओर शिक्षक हित के प्रति समर्पित संगठन होने के साथ पूर्ण अनुशासन का पालन करने वाला संगठन है। इसकी रीति नीति में स्वीकार्यता प्रमुख रूप से परिलक्षित होती है। निर्वाचन प्रक्रिया को आनंदमय वातावरण में संपन्न कराते हुए निर्वाचन परिणाम की घोषणा निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह चौहान द्वारा की गई। जिसमें संभागीय इकाई का नेतृत्व करने का अवसर, दमोह के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमेंद्र जैन को घोषित किया गया। साथ ही बुद्ध सागर सिंह जी टीकमगढ़ को संभागीय कोषाध्यक्ष, भारत सिंह राजपूत को संभागीय कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा की गई। संभागीय उपाध्यक्ष अमोल सिंह, सह सचिव जगदीश प्रसाद पटेल के साथ ही दमोह जिले से मनीष भारद्वाज को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दमोह कमलेश सेन, जिला सचिव पन्ना रविशंकर डीनायक, टीकमगढ़ अध्यक्ष प्रमोद नापित, जगदीश दुबे, सागर जिलाध्यक्ष सूर्यपाल सिंह एवं प्रांतीय पदाधिकारियों में शेषमणि द्विवेदी एवं संजय पाठक ने संगठन के विस्तार एवं रीति नीति से परिचित कराते हुए अपनी बात रखी। निर्वाचन उपरांत सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरण, फूलमाला पहनकर स्वागत सम्मान उपरांत संगठन की शपथ दिलाई गई। इस निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने पर सागर जिलाध्यक्ष सूर्यपाल सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

संभागीय निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु दमोह जिले से जिला पदाधिकारियों के साथ ही श्रीमती दीपमाला जैन, आदित्य चौरसिया, सोनू मुंडा, अवध जैन, राजू गांगरा, अनुज रतले, अवनीश तिवारी, संतोष रजक, महेश गुप्ता, नीतेश पाठक, विजय सिंह, अरविंद चौरहा लक्ष्मण सिंह ठाकुर एवं रामनरेश रावत जी की सहभागिता रही।

# देवेंद्रनगर स्वास्थ्य केंद्र की अभिनव पहल, चलने में असमर्थ मरीजों को मिला सहारा, लौट आई मुस्कान

पन्ना।



शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन और उनकी समर्पित टीम ने चिकित्सा सेवा को सिर्फ इलाज तक सीमित न रखकर एक सजीव मानवीय संवेदना का रूप दे दिया है। हाल ही में अस्पताल में ऐसे मरीजों को वॉकर और बैसाखी प्रदान की गई, जो चलने में असमर्थ थे और लकड़ी के डंडों के सहारे किसी तरह अस्पताल पहुंचते थे। इन उपकरणों को पाकर न केवल मरीजों के चेहरों पर मुस्कान लौटी, बल्कि नगरवासियों में भी स्वास्थ्य केंद्र के प्रति भरोसा और सम्मान गहरा हुआ। भूरेलाल कुशवाहा (निवासी बड़ागांव), लाल पटेल (उम्र 80, निवासी अल्हा), सोनेलाल पाल (उम्र 45, निवासी बसई), और जतों बाई कुच्छवादिया (उम्र 60, निवासी बड़ागांव) जैसे अनेक जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल चुका है। डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि यह कोई औपचारिक योजना नहीं, बल्कि जब-जब किसी मरीज को जरूरत होगी, तब-तब अस्पताल और उनकी टीम अपनी मानवीय जिम्मेदारी निभाएगीकृचाहे वह वॉकर हो, दवा हो, कपड़े हों या अन्य किसी तरह की सहायता। यह जानकारी हमें तब मिली जब हम एक अलग कार्य से अस्पताल पहुँचे और वहाँ मौजूद कुछ मरीजों को इस प्रकार की सहायता पाते हुए देखा। तभी यह भी ज्ञात हुआ कि यह सेवा कोई हालिया पहल नहीं, बल्कि डॉ. जैन द्वारा कई वर्षों से निःस्वार्थ रूप से निरंतर जारी है। हालाँकि डॉक्टर साहब ने बार-बार इसे समाचार रूप में प्रकाशित न करने का आग्रह किया और कहाकृष्यह तो हमारा कर्तव्य है, इसे बिना प्रचार के करते रहना ही सच्ची सेवा है।ष परंतु जब सेवा मौन रहकर भी बोलती है, तो समाज का दायित्व बन जाता है कि वह उसे आदरपूर्वक सामने लाए। कभी-कभी मरीजों को भोजन अथवा अन्य रूपों में भी आर्थिक मदद की जाती रही है, लेकिन डॉ. जैन और उनकी टीम इसे प्रचार योग्य नहीं मानते। उनके इस सेवा कार्य में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पारुल जैन भी कदम से कदम मिलाकर चलती हैं।

9 माह की गर्भवती पत्नी अपने पति को न्याय दिलाने बैठी धरने पर, पूर्व भाजपा अध्यक्ष के थाना से निकलते ही विधायक मुर्दाबाद के नारे लगे

# रनेह थाने का घेराव कर समूचे पुलिस स्टाफ एवं नर्स को सस्पेंड करने किया उग्र प्रदर्शन

**बस में नर्स द्वारा गर्भवती महिला के पति के साथ मारपीट का वीडियो वायरल के साथ ही पुलिस द्वारा दो-दो मामले कायम करने से आक्रोश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह









रनेह स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नर्स नीलिमा यादव द्वारा यात्री बस में युवक के साथ मारपीट वीडियो वायरल के मामले में हजारों की संख्या में लोधी समाज के साथ पिछड़े वर्ग के लोगों ने रनेह थाने का घेराव कर जमकर प्रदर्शन करते हुए पुलिस एवं क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी मांगें बुलंद की। रनेह थाना पुलिस ने नौ माह की गर्भवती महिला के पति पर दो दो मामले दर्ज करने के विरोध में पन्ना एवं दमोह जिले के ग्रामीणों ने थाना का घेराव किया। साथ ही नर्स एवं थाना में पदस्थ कर्मचारियों को निलंबित करने की मांग की गई। सबसे पहले बड़ी संख्या में हाई स्कूल ग्राउंड में आंदोलनकारी एकत्रित हुए वहां से रैली के रूप में हजारों की संख्या में थाना की ओर बढ़े। थाना पहुंचते ही जिले में पुलिस विभाग द्वारा आम नागरिकों पर किए जा रहे अत्याचार एवं पीड़ित पर ही मामले दर्ज करने के मामले गिनाते हुए पुलिस का गुंडा राज बताते हुए पुलिस कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान पुलिस प्रशासन एवं विधायक हटा के विरोध में गगन भेदी नारे लगाए। इस दौरान पुलिस मुंह लटकाए खड़ी रही। दोपहर की भीषण गर्मी में एक तरफ ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर न्याय की गुहार लगा रहे थे तो दूसरी ओर हटा अनुविभाग के वरिष्ठ अधिकारी थाना परिसर में कूलर की हवा खा रहे थे। पीड़ित की गर्भवती पत्नी भीषण गर्मी में धूप में बैठी रही जिससे उसकी हालत बिगड गई उपस्थित महिलाएं पत्नी को थाना परिसर के अंदर लाई और एक बेंच पर लेटा दिया। करीब तीन घंटे चले विरोध प्रदर्शन के बाद एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा एवं एडीएम मीना मसराम रनेह थाना पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़ित महेंद्र सिंह लोधी की गर्भवती पत्नी सपना लोधी को स्वास्थ्य केंद्र जाने का निवेदन किया लेकिन पत्नी का कहना था कि जब तक मेरे पति को न्याय नहीं मिलता हम इसी हालत में थाना में ही बैठेंगे। गर्भवती महिला को देखने के लिए बीएमओ डॉ उमाशंकर पटेल अपनी टीम के साथ पहुंचे।

जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने के बाद भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी अधिकारियों को अपनी मांगों पर चर्चा करते थाना के अंदर पहुंचे इस बीच उपस्थित भीड़ को जानकारी लगी की विधायक उमादेवी खटीक के पुत्र अंकुश खटीक एवं रमाकांत सराफ भी थाना में मौजूद हैं। इस जानकारी के बाद लोगों में आक्रोश बढ़ गया और विधायक के पुत्र को बाहर निकालने के नारे लगाए जाने लगे जैसे ही प्रीतम सिंह बाहर निकले विधायक मुर्दाबाद के नारे लगाए जाने लगे इस बीच पुलिस असहाय सी नजर आई।

यहां बता दें कि पिछले दिनों उपस्वास्थ्य केंद्र रनेह में पन्ना जिले के महेंद्र लोधी अपनी नौ माह की गर्भवती महिला को लेकर पहुंचे जहां उपस्थित नर्स ने इलाज करने से मना किया तो महेन्द्र ने शिकायत करने की बात कही शिकायत की बात सुनकर नर्स नीलिमा यादव आग-बबूला हो गई इसके बाद बस को रुकवा कर मार-पीट एवं गाली गलौज करते हुए जाति सूचक शब्द का उल्लेख किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ इसके बाद पुलिस ने पहले पीड़ित पर 151 का मामला दर्ज किया इसके बाद उसपर छेड़छाड़ एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया और थाना का घेराव किया।

लगातार पांच घंटे चले विरोध प्रदर्शन के बाद कार्यवाही के आश्वासन के पश्चात एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा और अपर कलेक्टर मीना मसराम ने आंदोलनकारियों की मांगों का ज्ञापन लिया और जांच कार्यवाही का आश्वासन दिया साथ ही रनेह थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक बलराम यादव, आरक्षक श्रीराम प्रजापति को सस्पेंड की कार्यवाही मौका पर ही की गई एवं स्टाफ नर्स नीलिमा यादव की रिपोर्ट भोपाल भेजकर जांच कार्यवाही की बात कही। शासन के नियम अनुसार संविदा एएनएम की सेवा समाप्ति का अधिकार मिशन संचालक को होता है उक्त संदर्भ में प्रतिवेदन जिला प्रशासन की ओर से मिशन संचालक को भेजने की बात कही। थाना प्रभारी पर लगे आरोपों की भी जांच पांच दिन के अंदर करने का आश्वासन मौके पर दिया गया साथ ही बस के परमिट की जांच प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हटा द्वारा आरटीओ कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है। अधिकारियों के आश्वासन के बाद उग्र भीड़ ने अविश्वास करते हुए लिखित में मांगे पूरी करने के लिए कहा।

इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, हटा एसडीएम राकेश मरकाम, एसडीओपी प्रशांत सुमन, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल, बी एम ओ उमाशंकर पटेल, हटा थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, उपनिरीक्षक सौरभ शर्मा, सउनि सुंदर सुमन, थाना प्रभारी अरविंद सिंह, पटेरा थाना प्रभारी सरोज ठाकुर, बृजेश पांडे साथ ही अनुविभाग हटा के थाना प्रभारी, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, कांग्रेस नेता राव बृजेन्द्र प्रताप सिंह, दृगपाल सिंह लोधी, वैभव सिंह, मनीष तंतुवाय के साथ बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में पहुंचे कलेक्टर ने की बच्चों की काउंसलिंग



**दमोह**। श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में सिंघई मंदिर धर्मशाला पहुचे कलेक्टर सुधीर कोचर नने बच्चों की काउंसलिंग की। डॉ. प्रदीप जी के निर्देशन में संपन्न हुई इस काउंसलिंग में कलेक्टर महोदय ने स्टार्ट अप, व्यापार आइडिया, केरियर विकल्प, आवश्यक स्किल्स, केरियर चुनने की विधि, हॉबी एवं केरियर में अंतर, दमोह नगर में व्यापार के विकल्प, भावुकता एवं वास्तविकता में अंतर, परीक्षा में प्रतिशत की होड़, और माता पिता की त्रुटियों पर बात की। कलेक्टर श्री कोचर ने लड़कियों की शिक्षा एवं घर में रहते हुए उनके केरियर विकल्प पर वार्ता हुई। विभिन्न विद्यार्थियों से एक प्रश्नोत्तर सेशन भी हुआ। ब्रेक के दौरान होस्ट प्रदीप जैन द्वारा महोदय से एक एक्टिविटी कराई गई जिसमें कलेक्टर महोदय की प्रेजेंस ऑफ माइंड देखकर सम्पूर्ण हॉल तालियों से गूंज उठा। 2 घंटे चले इस सेशन में भी कुछ बच्चों के सवाल रह गए तो सर ने 1 जुलाई से काउंसलिंग सेशन का कहा। कुछ विद्यार्थियों को मिलने के लिए आमंत्रित भी किया। अंत में पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई ने उनका आभार व्यक्त किया। 15 जून को मानस भवन में सभी रैंकर्स आदि का सम्मान एवं काउंसलिंग में पुनः बच्चों को लाभ मिला।

## दो बाईकों की भिडंत में आरक्षक की मौत

**तेंदूखेड़ा**। नगर से लगभग 7 किलोमीटर दूर जबलपुर मार्ग पर शाम 7 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने भिड़त हो गई जिसमें नगर के पुलिस थाना में पदस्थ आरक्षक भूपेंद्र पिता मुकुंद सिंह लोधी 38 गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे जबलपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। इसके



अलावा दूसरी मोटरसाइकिल का चालक जिसका नाम पता नहीं चला हैं वह भी घायल हो गया। घटना के दौरान मौजूद अरंहत सिंघई ने बताया कि हम लोग माता जी का विहार कराने जा रहे थे उसी समय सामने घटना हुई। तुरंत ही सडक मार्ग से निकल रहे बाइक सवार एवं कार सवार को रोककर तुरंत ही नगर के स्वास्थ्य केंद्र घायलों को लेकर पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद भूपेंद्र एवं अज्ञात व्यक्ति को जबलपुर मेडीकल कांलेज रिफर किया गया। घटना की जानकारी लगते ही एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर, नगर निरीक्षक नीतेश जैन एवं पुलिस विभाग का महकमा अस्पताल पहुंच गया। जबलपुर ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत होने की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि तेंदूखेड़ा थाने में पदस्थ आरक्षक शासकीय कार्यों को लेकर मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी अचानक सड़क हादसा हुआ और भूपेंद्र सिंह जी की दुखद मौत हो गई।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला और पालतू जानवरों की मौत

**बनवार** । दमोह जिले के नोहटा थाना की बनवार चौकी के झरौली गांव में आसमानी आफत की घटना सामने आई है, जहां घर की दहलीज पर बिजली गिरने से एक महिला और पालतू बकरे व कुत्ते की मौत हो गई। यह घटना शनिवार की देर रात ब्यारमा नदी तटीय क्षेत्र में स्थित पांजी घाट के एक टपरियानुमा घर में हुई। मृतक महिला 32 वर्षीय राधा बर्मन पति हल्ले बर्मन है, जो अपने घर में कपड़े बदल रही थीं जब यह हादसा हुआ। उनके साथ पालतू बकरा और कुत्ता भी बिजली की चपेट में आकर मर गए। बनवार पुलिस ने राधा बाई वर्मन के शव की मर्ग पंचनामा और पीएम करवाई उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। इस घटना ने गांव में शोक की लहर व्याप्त है।



## पूजा तंतुवाय का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

एमपी पीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर पद (कॉमर्स विभाग) में दमोह नगर की पूजा तंतुवाय का चयन होने पर सामाजिक लोगों के साथ सभी परिचितों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। पूजा को 920 अंकों में से 535 अंक प्राप्त हुये। ज्ञातव्य है पूजा तंतुवाय भारत बीज भंडार दमोह के संचालक संतोष ततुवाय की छोटी बेटी और लखन तंतुवाय, किशन, नरेन्द्र, अजय विजय तंतुवाय भतीजी है। पूजा ने अपने परिवार के सपनों को साकार किया है। पूजा की इस सफलता पर कोरी तंतुवाय समाज के मुखिया डीपी कठल, वाई.ए.कुरैशी, शारदा प्रसाद कोरी, प्रकाश कोरी, निर्भय कोरी, लक्ष्मन कोरी, वाई के कोरी, सुरेन्द्र कोरी, भाई श्रीकांत, सचिन कोरी, विकास कोरी सहित समस्त कोरी समाज ने बधाई दी है।

किसान की लापरवाही का परिणाम...

## करंट लगने से चार पशुओं की मौत



**बनवार**। दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के बनवार ग्राम पंचायत में एक दर्दनाक घटना हुई, जहां 3 गायों और 1 बछड़े सहित 4 पशुओं की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना रविवार, 15 जून को दोपहर में हुई, जब पशु सिंघाड़ना के पीछे एक कृषि भूमि में थे। घटना का कारण पशुपालकों ने बताया खेत मालिक ने अपनी फसल की सिंचाई के लिए बिजली की केबिल बिजली के खंभे से अपने बोरवेल तक जमीन में डाली हुई थी।लेकिन- फसलों की कटाई के बाद भी किसान ने बिजली की केबिल नहीं हटाई थी, जिससे यह हादसा हुआ. जिसमें- मोतीलाल रैकवार - 1 गाय और 1 बछड़ा घनश्याम महोबिया पिता तरबर महोबिया - 1 गाय एवं भरत यादव की - 1 गाय करंट की चपेट में आने से मृत्यु हुई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार है। भूमि स्वामी या बिजली विभाग। लेकिन पशुपालकों के द्वारा जिस खेत में यह हादसा हुआ उसी खेत मालिक किसान की गंभीर लापरवाही का नतीजा बता रहे है।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**दमोह**। बुंदेलखंड नव निर्माण संगठन के तत्वाधान में एनके नेत्र चिकित्सालय द्वारा ग्राम तुरकाई पिपरिया में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 76 मरीजों की जाँच की गई, जिनमें से 23 मरीजों का चयन मोतियाबिंद सर्जरी हेतु किया गया। शिविर में एनके नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ मयंक प्यासी के द्वारा ग्रामीणो की आंखो की जांच की गई। वही डॉ मनीष सराफ, अमित कुर्मी, कुलदीप पटेल, एवं आशीष यादव ने सेवा भाव से सहयोग किया। डॉ मयंक प्यासी ने कहा बुंदेलखंड के ग्रामीण अंचलों तक नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। संगठन के सहयोग से यह संभव हो पाया है। इस शिविर के माध्यम से सैकड़ों ग्रामीणों को नेत्र संबंधी जानकारी और उपचार का लाभ मिला। इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

## सहकारी समिति पोंडी की हालत जर्जर, हादसों का डर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

जबेरा तहसील की पौड़ी मानगढ़ की सहकारी समिति पोंडी की जर्जर हालत को देखते हुए प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। 2 साल से जीर्णशीर्ण पड़ी इस सोसाइटी की छत कभी भी गिर सकती है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। कर्मचारियों के पास बैठने के लिए जगह नहीं है और किसान भाइयों को खाद और बीज के लिए 2 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। क्षतिग्रस्त सेवा सहकारी समिति की स्तिथि से अधिकारियों को अनेकों बार अवगत करवा दिया गया है लेकिन मरम्मत की और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है 2 साल पहले पीछे से भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी और छत की गटर जमीन पर आकर गिर गई थी यह हादसा रविवार के दिन होने से कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया वावजूद इसके जर्जर हालत में पड़ी पोड़ी सोसाइटी भवन पर प्रशासन का ध्यान नहीं है जबकि आगे की छत पूरी तरह से डैमेज हो गई है कर्मचारी एक छोटे से हाल में लिखा पड़ी करने को मजबूरी आमजन किसानों को बैठने के लिए सुरक्षित जगह नहीं है बारिश के मौसम में कभी भी कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है स्थानीय ग्रामीण बल्लू टाइगर ने बताया ग्राम में बनी समिति भवन की हालत 2 साल से क्षतिग्रस्त बनी हुई है यहां पर किसान और आमजन खाद बीज राशन लेने आते हैं तो खतरनाक स्थिति से गुजरते हैं जर्जर भवन के चलते सोसाइटी में न खाद बीज वितरण की व्यवस्था है ग्राम में सेवा सहकारी समिति होने के बावजूद राशन खाद बीज लेने के लिए ग्रामीणों को 2 किलोमीटर दूर कंजई गांव जाना पड़ता है क्योंकि भवन की हालत बदतर बनी हुई जहां बारिश में छत से पानी टपकता है जर्जर हालत की बजह से भवन आज नहीं तो कल गिरने की स्तिथि पहुंच गया है हैरानी की बाततो यह है अधिकारी भवन की जर्जर हालत को देखकर चले जाते है लेकिन समिति भवन की सुरक्षा की उपायों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है ग्राम वासियों ने प्रशासन से जर्जर समिति भवन को दुरुस्त करने की मांग की है।

## शासकीय शिक्षक संगठन की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रोफेसर कॉलोनी स्थित भवन में 15 जून को स्व आरिफ अंजुम के बैठक आयोजित हुई बैठक में प्रमुख रूप से अध्यापक शिक्षक के हितार्थ बिंदुवार चर्चा हुई। जिस विकासखंड संकुल में अध्यापक शिक्षकों की क्रमोन्नति सभी प्रकार के एरियर्स या अन्य भुगतान लंबित हैं उसे तत्काल दिलाना इस हेतु विकासखंड स्तर पर बैठक आयोजित करने जिला से टीम पहुंचेगी ओर सीधा विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य से संवाद होगा हर हाल मॉं भुगतान कराया जाएगा। संगठन को सुदृढ़ बनाने विस्तार किया गया साथ ही ब्लाक स्तर पर कार्यकारणी का विस्तार करने निर्णय लिया गया। जिला के किसी भी अध्यापक की कोई भी समस्या हैं उसके समाधान निराकरण की रणनीति बनाई गई ताकि पूर्व की भांति आरिफ भाई हर अध्यापक की हर समस्या के निराकरण कराने तत्पर रहते थे वैसे ही अब उनके स्थान पर जिला का प्रत्येक अध्यापक साथी आसिफ अंजुम प्रदेश संगठन मंत्री मो 9424483786 एवं जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह मो न 9893904770 ये लोग जिला मुख्यालय पर निवासरत हैं आपके हर समस्या के लिए सहयोग करने तत्पर रहेंगे। संगठन को एक नई गति देने रणनीति तैयार की गई आगमी समय में नियमित बैठक स्थानीय समस्याओं का निराकरण कराने आदि पर निर्णय लिया गया साथ ही प्रदेश स्तर की मुख्य मांग नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता पर पूर्ण जोर दिया गया आज की बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अजेंद्र सिंह राजपूत प्रदेश संगठन मंत्री आसिफ अंजुम जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह हटा गुड्डा ठाकुर तेंदूखेड़ा राजेश पाठक दमोह भगवत सिंह बटियागढ़ रवि जैन पथरिया सहित जिला के पदाधिकारी नीरज नायक अजय जैन मनोज जैन रवि पाठक धीरेन्द्र दुबे रामप्रकाश शुक्ला राजीव विश्वकर्मा कृष्णकांत पाण्डेय श्याम सुंदर प्यासी लक्ष्मण पटेल अफजल खान रसीद खान बलराज माझी अर्जुन तिवारी आवेद खान शिवराज सिंह राजपूत निर्भय कोरी अमित पांडे ओमपाल सिंह राजपूत श्याम शरण शर्मा नन्हे भाई राठौर नानकराम अहिरवार धर्मेश राय सहित अध्यापक शिक्षक उपस्थित हुए।